एक नजर में

देवास डिस्ट्रिक्ट हैंडबॉल टीम भिंड रवाना

देवास। 10 अक्टूबर 2025 मध्यप्रदेश हैण्डबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 40 वी राज्यस्तरीय सबजूनियर हैण्डबॉल बालकध्बालिका प्रतियोगिता में भाग लेने हेतू देवास जिले का चयनित दल भिंड रवाना हुआ। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11 व 12 अक्टूबर 2025 तक भिंड में किया जा रहा है। चयनित टीम के खिलाड़ियों को देवास जिला हैण्डबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष यशवंत डागोरा द्वारा अपने पुत्र अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी स्व. संदीप डागोरा की स्मृति में किट प्रदाय कि गई। समस्त चयनित खिलाड़ियों को देवास जिला हैण्डबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीमंत विक्रम सिंह पवार द्वारा बधाई प्रेषित की गई। जिले की चयनित टीम इस प्रकार है- अब्दुल अहद मेव, खुशगुप्ता, आराध्यगुप्ता, राजवीर योगी, पारस यादव, ललीत गुप्ता, प्रतिक योगी, माहीन पठान, सचिन मनौरिया, सुमित परमार, दिशान शेख, अभिषेक चौरसिया एवं कोच राबर्ट निनामा व मैनेजर राजेश बराना है।

ब्लॉक कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

देवास। कन्नौद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कन्नौद के द्वारा झंडा चौक पानीगांव में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बैरागी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश सेठी पवन जाट मनोज अकोतिया कैलाश मुदगल उपस्थित थे।

आज सवरसी पहुंचेगा शहीद का पार्थिव शरीर

भौरासा। करवा चौथ पर सभी माता बहने अपने पति की लंबी उम्र की

प्रार्थना करती है वही देश के वीर जवान संजय मीणा (11 ग्रेनेडियस) भौरासा नगर से 8 किलोमीटर दूर टोकखुर्द तहसील जिला देवास के ग्राम सवरसी के रहने वाले मां भारती के सपूत अमर शहीद संजय मीणा (11 ग्रेनेडियस) अरुणाचल प्रदेश में अपने कर्तव्य निभाते हुए भूस्खलन के बाद से लापता थे आज हमने देश के एक सच्चे नायक को खो दिया है संजय मीणा जी ने यूनिट 11 ग्रेनेडियस में रहते हुए मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है वे शहीद हो गए जिनकी शौर्य यात्रा कल सुबह इंदौर एयरपोर्ट से देवास,भौरासा के रास्ता होते हुए ग्राम सवरसी पहुंचेगी,शहिद संजय के पिता लाल सिंह मीणा किसानी करते हैं जिनके चार पुत्र हैं जिनमें तीन पुत्र फौज में गए थे ओर एक रिटायर हो चुके थे। सबसे बड़े पुत्र राम प्रसाद फौजी, वहीं दूसरे नंबर के पुत्र कैलाश मीणा, तीसरे नंबर के पुत्र हेमंत फौजी, एवं चौथे नंबर के पुत्र शहीद संजय मीणा जो शहीद हो गए है वह अपने पीछे अपना पूरा परिवार बीवी बच्चे छोड़ गए हैं संजय मीणा की पत्नी व एक लड़का और लड़की है जो छोटे छोटे हैं आज ग्राम समवर्ती में शहिद संजय मीणा को अंतिम विदाई देने उमड़ेगा जनसैला।

नगर को समर्पित किया शव फ्रिजर

कांटाफोड़। समाजसेवा और मानवीय मूल्यों की भावना को आगे बढ़ाते हुए नगर के प्रतिष्ठित उद्योगपति सिक्ख समाज की शान वरिष्ठ समाज सेवी बलवीर सिंह बग्गा (बीरु बग्गा) एवं उनके परिवार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़ को एक शव फ्रीजर भेंट किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आमजन की सहायता के उद्देश्य से की गई है। शव फ्रीजर सौंपने के पूर्व गुरुद्वारा साहिब के ज्ञानी जी द्वारा पाठ एवं अरदास कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अरदास उपरांत बग्गा परिवार ने फ्रीजर को स्वास्थ्य केंद्र को सौंपा। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पोपेंद्र सिंग बग्गा, गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष दलजीत भाटिया, चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बग्गा परिवार द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। इससे न केवल जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं में भी सुविधा बढ़ेगी। बलवीर सिंह बीरु बग्गा ने कहा कि समाज ने हमें जो सम्मान और सहयोग दिया है, उसी के प्रति कृतज्ञता स्वरूप यह छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया।

अंबे माता का ज्योत गरबों का विसर्जन

सोनकच्छ। शारदीय नवरात्रि की समाप्ति के बाद नगर के तीन मंदिरों में विराजित अंबे माता के गरबों की पवित्र अखण्ड ज्योत का विसर्जन शुक्रवार को कालीसिंध नदी पर स्थित श्री पिपलेश्वर घाट पर किया गया। सुबह 11 बजे मंदिरों से अखंड ज्योत को विसर्जित करने ले गए। एमजी रोड़ स्थित माहेश्वरी, राठौर समाज व गढ़ी पर स्थित नामदेव छीपा समाज के मंदिरों में गरबा मंडली व भक्तों द्वारा मंदिरों पर विराजित अखंड ज्योत का सिर पर रखकर मंडल के सदस्यों द्वारा रास्ते भर भजन कीर्तन व अम्बे माता के जयकारे लगाते हुए मंदिरों से कालीसिंध नदी के श्री पिपलेश्वर घाट पर लाया गया। आरती पश्चात् गरबे की मटकियों व पवित्र ज्योत को विसर्जित किया गया। जहां-जहां से ये ज्योत निकली। वहां पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्योत में तेल चढ़ाया व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। गढ़ी नामदेव समाज के गरबे को निरंतर 163 वर्ष, माहेश्वरी समाज के गरबे को 113 वर्ष व राठौर समाज के गरबे को 64 वर्ष हो गए है।

डीईओ ने प्रधानाध्यापकों को किया निलंबित

पीपलरावां। जिला शिक्षा अधिकारी देवास हरिसिंह भारतीय ने नगर के शासकीय कन्या प्राथमिक स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलसिंह धाकड़ तथा शासकीय प्राथमिक स्कूल गंधर्वपुरी रोड़ इंदिरा कालोनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक जगदीशचंद्र वर्मा को निलंबित कर दिया है। इस आशय का पत्र डीईओ कार्यालय से जारी हुआ है। पत्र में कहा गया है कि 13 सितंबर को गठित जांचदल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में अनियमितता किया जाना प्रमाणित पाया गया है। मप्र सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार दोनों प्रभारी प्रधानाध्यापकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय बीईओ कार्यालय सोनकच्छ रहेगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। गौरतलब है कि दोनों शासकीय स्कूलों में रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में वरीयता के आधार पर नियुक्ति नहीं की गई। जिसकी शिकायत आवेदकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन तथा कलेक्टर जनसुनवाई में की गई थी। जिसके पश्चात डीईओ द्वारा जांचदल गठित किया गया था। जांचदल द्वारा उक्त शिकायत को सही पाया। जिसके आधार पर यह कार्यवाही की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी रिश्वत लेते ट्रैप

टोंकखुर्द में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

देवास। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त निर्देशों के तहत उज्जैन लोकायुक्त इकाई ने टोंक खुर्द में बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त टीम ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सोनी को 20,000 की रिश्वत लेते हुए जनपद कार्यालय टोंक खुर्द स्थित उनके कार्यालय में ट्रैप किया। जानकारी

के अनुसार, सहायक सचिव टोंकखुर्द ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव के समक्ष शिकायत की थी कि श्री सोनी ग्राम रोजगार सहायक के ग्राम पंचायत नावदा में तबादले के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत के सत्यापन में मामला सही पाया गया। शिकायत की पुष्टि में ही लोकायुक्त टीम ने कार्यवाही कर भ्रष्टाचार को बेनकाब किया। लोकायुक्त टीम में उप पुलिस अधीक्षक राजेश पाठक, निरीक्षक दीपक शेजवार, टीम सदस्य श्याम शर्मा, उमेश जाटवा, संदीप कदम, रमेश डाबर। लोकायुक्त ने कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर सख्त संदेश है और दोषियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी।

देवास अभिभाषक संघ का प्लेटिनम जुबली समारोह आज

देवास। जिला अभिभाषक संघ के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को दोपहर 03.30 बजे से प्लेटिनम जुबली का आयोजन डागा पेलेस, देवास में किया जा रहा है जिसमें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्रीमान जितेंद्र कुमार माहेश्वरी , मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर के विद्वान प्रशासनिक न्यायाधीश श्री विवेक कुमार रूसिया एवं पोर्ट फोलियो न्यायमूर्ति श्री जयकुमार पिल्लई उपस्थित रहेंगे, साथ ही जिला अभिभाषक संघ देवास के संरक्षक जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण, न्यायाधीश गण , गणमान्य नागरिक, मीडिया के साथी भी उपस्थित रहेंगे।

मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का ज्ञापन

भौरासा। टोक खुर्द शुक्रवार को टोकखुर्द तहसील मे खरीफ फसल नुकसानी राहत राशि बीमा क्लेम एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर भारतीय किसान संघ के द्वारा निम्न बिंदुओं की मांग को लेकर एक ज्ञापन टोकखुर्द तहसीलदार गौरव निरंकारी को मुख्यमंत्री के नाम सोपा गया। ज्ञापन में खरीफ फसल सोयाबीन मक्का एवं अन्य जेसे पीला मोजैक एवं जल भराव से जो फासले खराब हुई है व जिन क्षेत्रों में सर्वे नहीं हुआ है वहां सर्वे किया जाए या रकबे के मान से मुआवजा राहत राशि दी जाए सोयाबीन और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जावे भावांतर से किसानों को नुकसान है क्योंकि पिछले अनुभव ठीक नहीं रहे हैं इसमें किसानों के साथ छलावा होता है और व्यापारी भी लूटते हैं मॉडल रेट के नाम पर किसानों को ठगा जा सकता है जिन कृषि फसलों की एमएसपी तई नहीं है ऐसी (प्याज लहसुन आलू एवं अन्य सुखी फसले और सब्जी यो) फसलों को भावांतर देकर किसानों को राहत प्रदान की जावे, कपास की खरीदी

जल्द चालू करें जिसमें नमी को 12 से बढ़ाकर 20प्रतिशत किया जाए तथा एल आर ए की खरीदी भी साथ में की जाए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित फसलों का बीमा किसानों को दिलाया जाए सैटेलाइट पद्धति अपडेट नहीं है इसे बंद किया जाए रबी सीजन में सभी प्रकार के खादो की आपूर्ति समय से पूर्व मांग अनुसार की जाए जिससे किसानों को सहज खाद उपलब्ध हो सके नामांतरण समय सीमा के अनुसार निराकरण किया जावे व देवस्थान महाराजजी को कृषक पुजारीयो को खाद बीज की उपलब्धता कराई जावे । आवेदन का वाचन तहसील अध्यक्ष संजय जलोदिया, जिला सदस्य हुकम सिंह सेंधव, जिला सदस्य मानसिंह पाटीदार, जिला सदस्य ओम पाटीदार उपस्थित रहे।

राजे पवार शासकीय कन्या कॉलेज में युवा उत्सव का आयोजन

प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

देवास। महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास मे 09 एवं 10 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य डॉ. जी. डी.सोनी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अनीता भाना,गणित विभागाध्यक्ष प्रो. चारुशीला भोसले,डॉ. शर्मिला काटे, ग्रंथपाल राजीव साहू, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश जारवाल मंचासीन थे। अतिथियों का स्वागत प्रो. प्रीति तगाया, डॉ. वर्षा जायसवाल, प्रो. रॉबिन शेख,प्रो नेहा राठौर एवं प्रो. रामकन्या देवड़ा ने पुष्पहार से किया। डॉ. अनीता भाना ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार क्रमशः चार स्तर महाविद्यालय, जिला, विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन



किया जाता है। जिनमे प्रतिभागी सांस्कृतिक, साहित्यिक, सांगीतिक एवं रूपांकन पक्षों की विविध 22 विधाओं में प्रतिभागिता करते हैं। प्रत्येक स्तर से प्रथम प्रतिभागी को अगले स्तर पर भाग लेने का अवसर प्राप्त होता हैं। प्रो चारुशीला भोसले ने युवा उत्सव के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए बताया कि ये प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ कला एवं संस्कृति से भी जोड़ने का कार्य करती है। प्राचार्य डॉ. जी.डी.सोनी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है आपने सभी प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रथम दिवस आयोजित एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में वंशिका सांगते प्रथम, सिमरन चौहान द्वितीय , एकल गायन सुगम के अंतर्गत कारपेंटर प्रथम, स्वाति नरवरिया द्वितीय,वक्तृता प्रतियोगिता के अंतर्गत तनीष्का डोडिया प्रथम, कनक तिवारी द्वितीय, वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में तनीष्का डोडिया प्रथम, द्वितीय प्रियांशी भार्गव तथा विपक्ष में महनूर शेख प्रथम रही। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम माही राठौड़, सलोनी वर्मा एवं प्रणीता मिश्रा एवं प्रीति यादव, नेहा बिजावत, शिवानी द्वितीय रही। द्वितीय दिवस को आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के अंतर्गत खुशी साहनी ने प्रथम स्थान एवं प्रिया कुमावत ने द्वितीय तथा क्ले आर्ट प्रतियोगिता में सिमरन चौहान प्रथम रंगोली में प्रथम अंकित मालवीय, द्वितीय पूनम वर्मा स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन डॉ .क्रांतिदर्शी सिंदल एवं प्रो. अंजलि वर्मा ने किया। आभार व्यक्त प्रो. प्रमोद परिहार ने किया। कार्यक्रम में प्रो.दीपनवीता गांगुली, प्रो. विजय सिंह चौहान , प्रो. राहुल कौशल प्रो राम सितम साकेत, प्रो. पूजा सोनी, प्रो पूजा सांगते, प्रो. रॉबिन शेख, प्रो. चेतना सिंह, प्रो. वंदना राजपूत, अंकित सक्सेना, प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. बबिता बागवान,प्रो,साजिया शेख, प्रो. आकांक्षा कुशराम, प्रो प्रतीक्षा चौहान, भावना जोशी, प्रो धर्मेन्द्र दड़िंग, मनीष दुबे, नरेंद्र गुप्ता, अर्चना बोकाडे, एस.के. व्यास, अजीत कर्मा, अभय तंवर, अजय वर्मा, अल्पना कुशवाह, योगेश कावल, राधा पांडे, पवित्र बाई, प्रेम बाई, सरजू बाई, विजय योगी, प्रभुलाल सहित महाविद्यालय परिवार एवं छात्राएं उपस्थित रही।

शालेय खेल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरुस्कार वितरण समारोह आज

उज्जैन संभाग के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

देवास। 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सॉफ्ट टेनिस, नेटबॉल, ताइक्कांडो के फाइनल मैच में उज्जैन संभाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि आयोजन समिति अध्यक्ष जिलाधीश ऋजुराज सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन का शनिवार को समापन होगा।

नेटबॉल के परिणाम

17 वर्ष बालक वर्ग में उज्जैन संभाग विजेता रहा उपविजेता भोपाल संभाग रहा। 17 वर्ष बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग विजेता रहा एवं रीवा संभाग उप विजेता रहा।

ताइक्कांडो के परिणाम

19 वर्ष बालक वर्ग (68 किलोग्राम वर्ग) में भोपाल के सूर्या शर्मा को स्वर्ण पदक, जनजाति विभाग के विशाल दायमा को रजत पदक मिला। बालक वर्ग (73 किलोग्राम वर्ग) में इंदौर के गौरव सिंह को स्वर्ण पदक तथा जबलपुर के नवनीत को रजत पदक प्राप्त हुआ। 19 वर्ष बालिका समूह(55 किलो ग्राम)में इंदौर की जयंती मुवेल को स्वर्ण पदक, तथा उज्जैन की दीना को रजत पदक प्राप्त हुआ। बालिका के 68 किलोग्राम समूह में जबलपुर की पूर्णिमा सूर्यवंशी को स्वर्ण पदक तथा भोपाल की वंशिका मालवीय को रजत पदक प्राप्त हुआ ।ताइक्कांडो के खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया इस अवसर पर स शि म सी बी एस ई के प्राचार्य राजेश त्रिवेदी, मनीष जैन, पार्षद अजय तोमर , ऋजु सवनेर, निलेश वर्मा, संजय ठाकुर, भूपेश ठाकुर, गोपाल खत्री ,राम यादव, सोनू परमार उपस्थितथे। संचालन हेमेंद्र निगम काकू ने किया ।आभार महेश सोनी ने माना इस अवसर पर विजय वर्मा, सुनील चौधरी,मनीष जायसवाल, विपुल चौहान,तरुण परमार उपस्थित थे ।प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन शनिवार को सुबह 11 बजे तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल रोड देवास पर होगा। कार्यक्रम के सम्मानीयअतिथि देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीलाबाई अटारिया, सभापति श्री रवि जैन एवं कलेक्टर देवास ऋजुराजसिंह होंगे। इस स्पर्धा में सॉफ्ट टेनिस (14,17,19 वर्ष से कम बालक बालिका) नेटबॉल (17वर्ष से कम बालक बालिका) ताइक्कांडो (19 वर्ष से कम बालक बालिका)के पूरे प्रदेश के दस संभाग के लगभग 1000 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल्स भाग लिया। पायोनियर पब्लिक स्कूल में सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा, एवम् नेट बॉल तुकोजी राव पवार स्टेडियम व ताइक्कांडो स्पर्धा शिशु मंदिर मुखर्जी नगर में संपन्न हुए।

सॉफ्ट टेनिस के अंतिम परिणाम

बालक 14 वर्ष समूह में उज्जैन संभाग प्रथम एवं इंदौर संभाग द्वितीय। बालिका 14 वर्ष समूह में भोपाल संभाग प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय। 17 वर्ष बालक वर्ग में उज्जैन संभाग प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय । 17 वर्ष बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय। 19 वर्ष बालक वर्ग में उज्जैन संभाग प्रथम एवं इंदौर संभाग द्वितीय रहा तथा बालिका 19 वर्ष में जनजाति विभाग प्रथम एवं इंदौर संभाग द्वितीय रहा।

सोबल्यापुरा की सरपंच ने दिया इस्तीफा

देवास। प्रधानमंत्री की अति महत्वपूर्ण हर घर नल-जल योजना अंतर्गत ग्राम सोबल्यापुरा में शासकीय ट्यूबवेल के वॉल तोड़ने वालों के खिलाफ शिकायत करने के बाद भी बागली थाना प्रभारी प्रदीप राय ने अपराधियों के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा की सरपंच आनुबाई परिहार ने एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया को की। शिकायत में कहा कि थाना प्रभारी ने अपराधियों की ओर से मनगढ़ंत असत्य की गई शिकायत पर मेरे पति एवं शोभाराम मुजाल्दे व ठेकेदार प्रवीण पटेल के खिलाफ आदिवासी एक्ट अंतर्गत अपराध दर्ज कर लिया। लेकिन बड़े दुख की बात है कि हमारे द्वारा अपराधियों के खिलाफ बार-बार आवेदन देने के बाद भी उनके विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा का अपराध दर्ज नहीं किया। इसी प्रकार अवैध अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की शिकायत पर भी उनके खिलाफ भी अपराध दर्ज न करते हुए आनाकानी की जा रही है। इस बात को लेकर सरपंच परिहार ने अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी व सहायक जिला पंचायत सीईओ श्याम सुंदर सिंह को भी सारी बातों से अवगत कराया। साथ ही मांग की गई कि मेरे पति के खिलाफ की गई असत्य रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच कर उसे खारिज कर झूठी रिपोर्ट करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए। सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने कहा अगर पुलिस समय पर उचित कार्यवाही करती तो यह घटना ही नहीं घटती। इसी बात से दुखी होकर अपनी ग्राम पंचायत को अपने पूर्व कार्यकाल में महामहिम राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा सम्मानित कराने वाली सरपंच आनु बाई परिहार ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया।

मासूमों की मौत पर कांग्रेस का कैंडल मार्च

सोनकच्छ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गुरुवार रात ब्लॉक कांग्रेस सोनकच्छ द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च बस स्टैंड से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक तक निकाला गया, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर छिंदवाड़ा जिले में जहरीली कफ सिरप पीने से हुई 20 मासूम बच्चों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेसजनों ने हाथों में मोमबत्तियाँ जलाकर मार्च निकला । इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, जिसके कारण निर्दोष मासूमों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य मंत्री तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने कहा कि यह घटना प्रदेश के लिए शर्मनाक है। सरकार को जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए प्रभावित परिवारों को न्याय मिले व दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। कांग्रेस नेता सत्यनारायण लाठी, भारत सिंह, देवेंद्र जोशी, अजय जैन, भूरा शेख, योगेश यादव, शैलेंद्र टोंगिया, शोएब खान, लोकेंद्र जलोदिया, राजेंद्र जाजू, राज फागवा, मोहन सिंह बिसाखेड़ी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दो मिनट का मौन रखा

महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचकर सभी कांग्रेसजनों ने और दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति के दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेश में स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर सरकार को चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन करेगी।

एक नजर मां की बगिया कार्यक्रम में ग्रामीण कृषकों के बीच पहुंचे विधायक

महिलाएं योजना का लाभ फलदार पौधे लगाकर अतिरिक्त आय कर सकती है : भंवरा

बागली। लघु कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा मां की बगिया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। माँ की बगिया से आपका मतलब मध्य प्रदेश सरकार की एक बगिया मां के नाम परियोजना से है। जिसका उद्देश्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं को निजी जमीन पर फलदार बाग लगाने के लिए आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है। यह परियोजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। जिसके तहत गड्ढे खोदने पौधे खरीदने, फेंसिंग, जल कुंड बनाने और तीन साल तक पौधों की देखरेख का खर्च मनरेगा से कवर किया जाएगा। पहले के समयमें अधिकतर परिवार सेजुड़ी महिला किसान बगीचे के रूप में घर आंगन में और आसपास घर में काम आने वाली सब्जियों को लगाकर शुद्ध पौष्टिक सब्जियां घर परिवार को उपलब्ध करवाती रही लेकिन समय के साथ-साथ आधुनिकता के चलते यह प्रचलन बंद हो गया है। इसी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा मां की बगिया कार्यक्रम चलाया गया है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत गुवाडी मे स्थानीय किसान बृजेंद्र ठाकुर के खेत पर लघु कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बागली विधायक मुरलीभंवरा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि घर आंगन में मौसम अनुरूप सब्जियां लगाना और औषधि युक्त पौधे लगाना हमारी संस्कृति में है । वर्तमान में शासन की योजना का लाभ लेकर महिलाएं फलदार पौधे लगाकर अतिरिक्त इनकम कर सकती है। शासन इस योजना के तहत मनरेगा योजना से मदद करेगा ग्रामीण क्षेत्रों में घर के आसपास पर्याप्त जगह रहती है। उस खाली जगह में घर में काम आने पूर्ति मौसम की सब्जियां विशेष रूप से लगाना चाहिए जैसे बालोर और गिलकी लोकी तुरई मिर्च टमाटर पुदीना आदी के साथ फलदार पौधे भी लगाये इस दौरान क्षेत्र से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता बीसन पुजारी भाजपा नेता राम सिंह ओसारी जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव कैलाश गुप्ता अखिल बड़ौला भगवान सिंह कासलीवाल सरपंच प्रतिनिधि गोविंद बैरागी किसान विजेंद्र दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।